**Most Urgent**

No. IPH-Bud/MLA Priority/ (2018-19)/2017-18-2695-2719
Himachal Pradesh
Irrig. & Public Health Department

Dated: Shimla-1 22nd Jan, 2018

To

The Engineer-in-Chief (Proejct),
IPH Deptt., Fatehpur Distt Kangra

All the Chief Engineers,
IPH Department H.P.

All the Superintending Engineers,
IPH Department H.P.

**Subject: -** अगामी वार्षिक बजट (2018–19) में माननीय विधायकों की प्राथमिकताओं के निर्धारण माननीय मुख्य मन्त्री महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 08 तथा 09 फरवरी, 2018 को दो दिवसीय बैठकों का आयोजन ।

Enclosed please find photocopy of letter No. PLG-FC(F) 3-1/2018-19 dated 17th January, 2018 received from the Adviser (Planning) to the Government of H.P. on the subject cited above.

You are, requested to attend the above meeting alongwith requisite information on schedule date, time and venue.

**Encl:- As above.**

(Er. A. K. Bahri)
Engineer-in-Chief (IPH),
U.S. Club, Shimla-1
PH-0177-2658886

Copy to the Superintending Engineer (Works) IPH Department, HQ Shimla-1 for information and necessary action.

Copy to the Superintending Engineer P&I Unit-I/II Jal Bhawan, Kasumpti Shimla-9 for information and necessary action.

**Encl:- As above.**

(Er. A. K. Bahri)
Engineer-in-Chief (IPH),
U.S. Club, Shimla-1
PH-0177-2658886

अति–आवश्यक
निजी ध्यानार्थ

सख्याः पीएलजी–एफ0सी0 (एफ) 3–1/2018-19
हिमाचल प्रदेश सरकार
"योजना विभाग"

प्रेषकः

सलाहकार (योजना),
हिमाचल प्रदेश,
शिमला–171002.

प्रेषितः

श्रीमति/ श्री ................................

माननीय विधायक ...................

................................................

दिनांकःशिमला–2, 17 जनवरी, 2018

विषयः– **आगामी वार्षिक बजट (2018–19) में माननीय विधायकों की प्राथमिकताओं के निर्धारण हेतु माननीय मुख्य मंत्री महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 08 तथा 09 फरवरी, 2018 को दो दिवसीय बैठ्कों का आयोजन ।**

महोदया/महोदय,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में मुझे आपको यह सूचित करने का निर्देश हुआ है कि गत वर्षो की भान्ति प्रदेश के आगामी बजट (2018–19) में माननीय विधायकों की विकास सम्बन्धी स्कीमों की प्राथमिकताओं के निर्धारण करने के सम्बन्ध में माननीय मुख्य मन्त्री, हिमाचल प्रदेश की अध्यक्षता में माननीय विधायकों के साथ दो दिवसीय बैठकों का आयोजन **दिनांक 08 तथा 09 फरवरी, 2018 को हिमाचल प्रदेश सचिवालय, आर्मज़डेल भवन के कॉन्फ्रेस हॉल, शिमला** में किया जा रहा है । इन बैठकों की जिलावार निर्धारित **समय–सारणी अनुबन्ध–"क"** पर संलग्न है।

2. इन निर्धारित बैठकों में आगामी बजट (2018–19) के लिये निर्वाचन क्षेत्रवार विधायक प्राथमिकताओं के **निर्धारण** हेतु सुझाव आमन्त्रित किये जाते हैं । वर्ष 2018–19 के लिये आपके निर्वाचन क्षेत्र से सम्बन्धित तीन मुख्य विकास शीर्षो, कमशः सड़कें एवं पुल, लघु सिंचाई योजनायें तथा ग्रामीण पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत प्रत्येक विकास शीर्ष की दो–दो वास्तविक नई एवं चालू स्कीमें आमन्त्रित की जानी प्रस्तावित हैं।

3. आपसे अनुरोध है कि प्रस्तावनाओं को प्रेषित करते समय कृपया यह ध्यान रखें कि प्रस्तावित योजनाओं के लिए निजी भूमि के मामले में सरकार अधिग्रहण की लागत नहीं देगी तथा भू–स्वामियों को ऐसी भूमि स्वेच्छा से ही योजना निर्माण के लिये देनी होगी । कृपया प्रस्तावनाएं प्रेषित करने की अनुकम्पा करें ।

जारी पृ0–2 पर

4. आपसे अनुरोध है कि दिनांक 08 तथा 09 फरवरी, 2018 को इन बैठकों में आप अपने जिले से सम्बन्धित निर्धारित तिथि एवं समय अनुसार (अनुबन्ध-क) भाग लेने की अनुकम्पा करें । इन बैठकों में भाग लेने वाले माननीय विधायकों तथा अधिकारियों के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था भी की गई है । अतः दिनांक 08 तथा 09 फरवरी, 2018 को दोपहर के बाद निर्धारित की गई बैठकों में दर्शाये गये जिलों के माननीय विधायकों से भी अनुरोध है कि सम्बन्धित जिलों की निर्धारित बैठकों के दिन 1.30 बजे दोपहर के भोजन में सम्मिलित होने की अनुकम्पा करें ।

5. माननीय विधायकों से अनुरोध है कि वे अपने-अपने चुनाव क्षेत्रों से सम्बन्धित स्कीमों को आगामी वित्त वर्ष के बजट में समावेश करने के लिए जैसा कि उपरोक्त पैरा-2 में दर्शाया गया है, सलग्न प्रपत्र I, II, III, IV तथा V के अनुसार योजना विभाग, हिमाचल प्रदेश को शीघ्र प्रेषित करने की कृपा करें या बैठक में अपने साथ लाने की अनुकम्पा करें, ताकि आपके प्रस्तावों को बजट में शामिल किया जा सके । यह भी अनुरोध है कि प्रपत्र- V के सुझाव बैठक में भी विस्तृत रूप से बताने की कृपा करें ।

भवदीय,

(डॉ० बसु सूद)
सलाहकार (योजना),
हिमाचल प्रदेश,
शिमला-171002

संलग्नक : यथोपरि ।

पृष्ठांकन संख्या : यथोपरि । दिनांकःशिमला-2, 17 जनवरी,2018

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1. प्रधान निजी सचिव, माननीय मुख्य मन्त्री, हिमाचल प्रदेश, शिमला-2.
2. निजी सचिव, माननीय समस्त मन्त्री, हिमाचल प्रदेश, शिमला-2.
3. निजी सचिव, माननीय अध्यक्ष / उपाध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश विधान सभा, शिमला-4.
4. निजी सचिव, मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला-2.
5. समस्त प्रशासनिक सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला-2.
6. समस्त विभागाध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश ।
7. सम्बन्धित प्रबन्ध निदेशक, (निगम/बोर्ड), हिमाचल प्रदेश ।
8. समस्त उपायुक्त, हिमाचल प्रदेश को इस अनुरोध के साथ प्रेषित हैं कि अपने जिले की बैठक में संलग्न समय सारणी के अनुसार भाग लेने की अनुकम्पा करें।
9. सचिव, सचिवालय प्रशासन, हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला-2 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि वे उपरोक्त बैठकों हेतु 08 तथा 09 फरवरी, 2018 को हिमाचल प्रदेश सचिवालय के आर्मजडेल भवन, कॉन्फ्रेंस हॉल को आरक्षित करने की कृपा करें ।
10. निदेशक, लोक सम्पर्क विभाग, हिमाचल प्रदेश, शिमला-2 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि बैठकों की समय सारणी (अनुबन्ध-क) का आकाशवाणी/दूरदर्शन तथा समाचार पत्रों के माध्यम से प्रसारित / प्रचार तथा Video and Audio Coverage करवाने की अनुकम्पा करें।

(डॉ० बसु सूद)
सलाहकार (योजना),
हिमाचल प्रदेश,
शिमला-171002

अनुबन्ध "क"

मानननीय विधायकों के साथ निर्धारित बैठकों की जिलावार समय सारणी

| क्र0 सं0 | जिले का नाम | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | 1. सोलन<br>2. सिरमौर<br>3. शिमला | 08-02- 2018 | पूर्वाहन् **10.30** से **1.30** बजे |
| 2. | 1. मण्डी<br>2. कुल्लू<br>3. बिलासपुर | 08-02- 2018 | अपराहन् **2.00** से **5.00** बजे |
| 3. | 1. कांगड़ा<br>2. लाहौल व स्पीति<br>3. किन्नौर | 09-02- 2018 | पूर्वाहन् **10.30** से **1.30** बजे |
| 4. | 1. चम्बा<br>2. ऊना<br>3. हमीरपुर | 09-02- 2018 | अपराहन् **2.00** से **5.00** बजे |

***